1975, 1976 और 1977 में हज यात्रियों की निर्धारित संख्या 17000, 19000, 17000, 17000 और 19000 थी जबकि क्रमशः 16940, 18887, 17205, 15996 और 18706 व्यक्ति हज यात्रा पर गये। 1976 में इनकी संख्या कम होने का कारण यह था कि हज के मौसम में यात्रियों के दो जहाज अचानक खराब हो गये थे।

(ख) हज यात्रियों के लिए विदेशी मुद्रा का कोटा सऊदी अरब की सरकार के नियमों और वहां के तत्कालीन निर्वाह व्यय के अनुसार निर्धारित किया जाता है। समुद्री मार्ग से जाने वाले हज यात्रियों के लिए विदेशी मुद्रा का कोटा बढ़ाकर 1977 में 2000 – सऊदी रियाल कर दिया गया है जो कि 1974 में 1100/– सऊदी रियाल था। यह समझा जाता है कि हज सम्बन्धी आवश्यक प्रभारों पर सामान्य रूप से होने वाले खर्च के लिए तथा आवास, भोजन तथा अन्य आकस्मिक खर्चों के लिए यह राशि पर्याप्त हैं। इस समय विदेशी मुद्रा के कोटे को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। परन्तु 1978 में होने वाली हज यात्रा से पूर्व इस विषय पर सावधानी पूर्वक विचार किया जायगा।

## ग्रामीण डाकघरों में काम कर रहे कर्मचारियों के वेतनमानों में वृद्धि

780. **श्री रामजी लाल सुमन :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित डाकघरों में काम कर रहे कर्मचारियों के वेतनमानों में वृद्धि करने का है;

(ख) क्या देश भर में निर्दिष्ट दूरी पर डाकघर खोलने का सरकार का प्रस्ताव है; और

(ग) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित डाकघरों में टेलीफोन लगाये जायेंगे ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव सई) :** (क) विभागेतर एजेंटों के मजदूरी के ढांचे का पुनरीक्षण किया जा रहा है।

(ख) जब कि शहरी इलाकों में डाकघर खोलने के लिए कोई खास दूरी निर्धारित नहीं की गई है, सरकार ने देहाती इलाकों में डाकघर खोलने के लिए दूरी सम्बन्धी खास कसौटी निर्धारित की है।

विभागीय मानदंडों के अनुसार, जिनमें दूरी सम्बन्धी कसौटी भी शामिल है, डाकघर विभिन्न चरणों में खोले जाते हैं।

(ग) देहाती इलाकों के डाकघरों में जहां भी मौजूदा उदार नीति के अन्तर्गत सार्वजनिक टेलीफोन घरों की मंजूरी दी जा सकेगी, वहां उत्तरोत्तर सार्वजनिक टेलीफोन घर स्थापित कर दिए जायेंगे।

## सीतापुर जिला, उत्तर प्रदेश में टेलीफोन विभाग के कार्य संचालन में सुधार

781. **श्री हरगोविन्द वर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि सीतापुर जनपद (उ० प्र०) में टेलीफोन विभाग का कार्य कुशलतापूर्वक नहीं चल रहा है ;

(ख) क्या सरकार इसमें सुधार करने के लिए कोई कदम उठा रही है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव सई) :** (क) जी नहीं। सीतापुर जिले में टेलीफोन सेवा सुचारू रूप से दी जा रही है।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठता।